कार्रवाई की जा चुकी है। आशा है १-१०-१९६२ से निर्माण-कार्य शुरू हो जायगा।

(ख) आशा है कि लाइन दिसम्बर, १९६५ तक यातायात के लिये खोल दी जायगी।

(ग) ६,६०,४६,३३३ रुपये।

(घ) जी नहीं।

**ग्वालियर से शिवपुरी तक रेलवे लाइन**

२७२४. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार को क्या कुछ ऐसे ज्ञापन प्राप्त हुए है कि ग्वालियर से शिवपुरी जाने वाली रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित कर दिया जाये ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस सम्बन्ध में विचार कर रही है ;

(ग) क्या यह सच है कि वर्ष भर में इस लाइन पर जो कुल मिलाकर व्यय होता है उस से आय का प्रतिशत कुछ अधिक है ;

(घ) क्या इस रेलवे लाइन में कुछ सुधार करने का प्रस्ताव किया गया है ?

**रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी)** : (क) जी हां।

(ख) इस मामले पर विचार किया गया है। इस समय इस छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का सरकार का कोई विचार नहीं है।

(ग) जी नहीं।

(घ) चालू वित्तीय वर्ष में रेल-पथ में कुछ छोटे-मोटे सुधार करने का विचार है।

**पश्चिम रेलवे पर बिना टिकट यात्रा**

२७२५. **श्री प० ला० बारुपाल** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी १९६० से जून, १९६१ तक कई बारातें व अन्य पार्टियां टी० टी० ई० के सहयोग से पश्चिम रेलवे मे बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ी गई थीं ; और

(ख) क्या यह भी सच है कि बिना टिकट यात्रा कराने वाले ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनरों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न करके उनके मामलों को दबा दिया गया था ?

**रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी)** : (क) और (ख). इस आशय की दो शिकायतें मिली थीं कि इस अवधि में पश्चिम रेलवे मे चल टिकट परीक्षकों द्वारा दो बारातें मुफ्त ले जायी गयीं, लेकिन ये आरोप निश्चितरूप से सिद्ध न हो सके।

**Ryots in Tripura**

2726. **Shri Dasaratha Deb:** Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) the total number of Sansit and certificates notices served in Tripura on the ryots for realisation of rent arrears during the last five years; and

(b) the reasons for accumulation of such arrears of rents?

**The Deputy Minister in the Ministry of Food (Shri A. M. Thomas):** (a) and (b). Necessary information is being collected and will be placed on the table of the Sabha as soon as available.

**Ryots of Tripura**

2727. **Shri Dasaratha Deb:** Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) whether notices have been served on a large section of ryots of Tripura for enhancement of revenue rates;

(b) the basis of such enhancement of revenue rates;

(c) whether representations have been made to the Chief Commissioner, Tripura for not making such enhancement; and

(d) whether Government are contemplating withdrawing these notices of enhancement and serving fresh notices declaring existing rates as New Table of revenue rates?

**The Deputy Minister in the Ministry of Food (Shri A. M. Thomas):** (a) A table of revenue rates has been published in draft form in respect of Kamalpur, Khowai Sub-divisions and Sidhai and Bishalgarh police stations in Sadar Sub-division.

(b) The existing rates are too low and need to be rationalised with the standards of revenue adopted elsewhere in the country.

(c) Yes.

(d) The objections raised will be considered on merit.

### Hindustan Teleprinters Factory, Madras

2728. Shri Subodh Hansda: Will the Minister of **Transport and Communications** be pleased to state:

(a) whether the land required for the Hindustan Teleprinters Factory at Guindy, Madras has been acquired;

(b) whether plans and estimates of the building have been prepared and approved by Government;

(c) whether any foreign consultant has been appointed for this; and

(d) if so, what is the consultation fee?

**The Minister of Transport and Communications (Shri Jagjivan Ram):** (a) Yes, Sir.

(b) While the plans and estimates of the building have been approved by the Company, the actual building work has been entrusted to the Government of Madras.

(c) and (d). No, Sir. The advice of Messrs. Olivetti of Italy, with whose collaboration the Factory is being set up, has however been obtained in regard to the layout and design of the Factory. A consolidated sum of Rs. 22,546 approximately, equivalent of Lira 29,31,000.00 has to be paid to Messrs. Olivetti on account of cost of drawings, calculations and advice on workshop layout and equipment.

### रंगपहल और मिलीबंग के बीच रेलवे लाइन

२७२९. **श्री प० ला० बारूपाल :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बीकानेर डिवीजन के रंगमहल और मिलीबंग स्टेशनों के बीच की रेल पटरी को पूर्व के स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर बिछाया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इसे बदलने का कारण क्या है ;

(ग) चक२४ एम० टी० जी० के हरिजन काश्तकारों की कितने एकड़ भूमि रेल पटरी के नीचे आ गई है, जिसके कारण फसलों को क्षति पहुंची है ;

(घ) क्या मंत्रालय ने हरिजनों को उनकी फसलों की हानि के लिये कोई मुआवजा दिया है ; और

(ङ) यदि हां, तो कितने व्यक्तियों को कितना धन दिया गया ?

**रेलवे मंत्रालय में श्री उपमंत्री (सें० वें० रामस्वामी) :** (क) शायद माननीय सदस्य का मतलब रंगमहल और मिलीबंग स्टेशनों के बीच के रेल-मार्ग से नहीं बल्कि रंगमहल और पीलीबंगां स्टेशनों के बीच के रेल-मार्ग से है । इन दोनों स्टेशनों के बीच लगभग ३·२५ मील लम्बी लाइन नये एलाइन्मेंट पर बनायी जा रही है ।

(ख) राजस्थान नहर की सूरतगढ़ शाखा के लिये रेलवे लाइन पर एक नया पुल बनाने की जरूरत है । चूंकि नये पुल पर